अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–39/2023/4616/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
संयुक्त सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
सुपौल।

पटना, दिनांक 27/3/2025

**विषय :– कोशी नदी के बेसिन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण के संबंध में।**

**प्रसंग :– आपका पत्रांक–2682 दिनांक–07.02.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से सुपौल जिलान्तर्गत पूर्णतः बाढ़ प्रभावित वाले कुल 13 ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन की माँग की गई है।

ज्ञातव्य हो कि मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–04.02.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–2459 दिनांक–11.02.2025 की कंडिका–2I(e) के माध्यम से "कोशी नदी के बेसिन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को स्थगित रखे जाने का निदेश प्राप्त है, क्योंकि बाँध के बीच स्थायी निर्माण कराना संभव नहीं है।"

इस संबंध में विभागीय पत्रांक–2751 दिनांक–20.02.2025 के माध्यम से जिला पदाधिकारी, सुपौल, अररिया, सहरसा, भागलपुर, मधेपुरा, खगड़िया एवं पूर्णियाँ को कोशी नदी के बेसिन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य स्थगित रखे जाने के संबंध में पत्र प्रेषित है। कोशी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अन्य उपयुक्त नक्शा (Design) तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने हेतु भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया है।

अतः उपर्युक्त निदेश के आलोक में अनुरोध है कि कोशी नदी के बेसिन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को स्थगित रखा जाय।

**अनुलग्नक**–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

27/3/25
(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

कृ०पृ०उ०

D:\2025\Rahul sir\PSB\PSB letter.docx

**ज्ञापांक**– 2प/पं०स०भ०/09–39/2023/4616 पं०रा० पटना, दिनांक 27/3/2025
**प्रतिलिपिः**–जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक**– 2प/पं०स०भ०/09–39/2023/4616 पं०रा० पटना, दिनांक 27/3/2025
**प्रतिलिपिः**–IT Manager, पंचायती राज विभाग विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाये।

(नजर हुसैन)
संयुक्त सचिव

(101)

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
डायरी सं० 3694609
11.02.2025
बिहार सरकार

कौशल कुमार, भा०प्र०से०,
जिलाधिकारी, सुपौल।

बिहार सरकार
**समाहरणालय, सुपौल**
सुपौल–852131
(पंचायत शाखा)

दूरभाष: 06473–223112 (कार्या०)
06473–224210 (फैक्स)
06473–223111, 223311 (आवास)
06473–223041 (फैक्स)
E-mail:dm-supaul.bih@nic.in
Website : https://supaul.nic.in

पत्रांक : 268-2 /जि०पं०

सेवा में,
सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार पटना।

संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार 699 13 FEB 2025

सुपौल, दिनांक 07/02/2025

निदेशक Sec-2

विषय:- **दोनों कोशी तटबंध के अन्दर अवस्थित ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य हेतु मार्गदर्शन देने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 04.02.2025 को राज्य स्तरीय V.C में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य सचिव, महोदय से दोनों कोशी तटबंध के अन्दर पड़ने वाले ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कराने में कठिनाई से अवगत कराया गया। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा कोशी तटबंध के अन्दर पड़ने वाले ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण नहीं कराने हेतु निदेशित किया गया।

JS (NH)

निदेशक ... 11 FEB 2025

**इस जिलान्तर्गत दोनों कोशी तटबंध के अन्दर पड़ने वाले ग्राम पंचायत की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्रमांक | प्रखंड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम/संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सरायगढ़ भपटियाही | ढोली एवं बनैनियाँ (2) | |
| 2 | किशनपुर | परसामाधो, बौराहा, मौजहा, दुबियाही एवं नौआबाखर (5) | |
| 3 | सुपौल | घुरन, बलवा, तेलवा एवं गोपालपुर सिरे (4) | |
| 4 | मरौना | सिसौनी (आंशिक) एवं कदमाहा (2) | |
| | कुल:– | 13 | |

उपरोक्त विवरणी में विभागीय पत्रांक 53(स्वी0), दिनांक 25.10.2024 द्वारा ग्राम पंचायत–सिसौनी, प्रखंड–मरौना एवं ग्राम पंचायत–बलवा, प्रखंड–सुपौल में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है। उक्त दोनों ग्राम पंचायत भी कोशी तटबंध के अन्दर पड़ता है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक 53(स्वी0) दिनांक 25.01.2024 द्वारा प्राप्त स्वीकृति दो ग्राम पंचायत के साथ–साथ दोनों कोशी तटबंध के अन्दर 11 ग्राम पंचायत सहित कुल–13 ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य के संबंध में यथोचित मार्गदर्शन देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
ह०/-
जिलाधिकारी,
सुपौल।

श्री 2 (हस्ताक्षर)
13-2-25



पत्रांक 2791 दिनांक 20/02/25
(पृष्ठ 98/प) निर्गत